प्रेषक,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद, उ0प्र0,
अनुभाग–9,लखनऊ।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

संख्या 1205/9–36/2020(मु0पत्रा0) दिनांक 29, जुलाई 2020

विषय– नवीनतम ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग से ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर उनके स्वामित्व संबंधी अभिलेख तैयार करने हेतु ''स्वामित्व योजना'' के कियान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक भारत सरकार, पंचयती राज मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा संचालित नवीनतम ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग से ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर उनके स्वामित्व संबंधी अभिलेख तैयार करने हेतु स्वामित्व योजना के कियान्वयन किये जाने के लिये भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार स्वामित्व योजना के सम्बन्ध में परिषद द्वारा समय–समय पर निर्देश दिये गये है, का सन्दर्भ गहण करने का कष्ट करें।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि स्वामित्व योजना के कियान्वयन कराये जाने के सम्बन्ध में शासन द्वारा आपके जनपद हेतु अधिसूचित ग्रामों के लिये परिषद पत्र संख्या –1102/9–36/2020(मु0 पत्रा) दिनांक 16/20–7–2020 के साथ संलग्नकर एस0ओ0पी0 एवं प्रारुप संख्या–4, 5, 6(1), 6(2), एवं 7 भेजे गये है।

स्वामित्व योजना के कियान्वयन कराये जाने के सम्बन्ध में निम्न बिन्दुओं पर सूचना की आवश्यकता है:–

1– जिला नोडल अधिकारी नियुक्त करने की सूचना नाम, पद नाम व फोन नम्बर तत्काल प्रेषित करें।

2– तहसील नोडल अधिकारी नियुक्त करने की सूचना तत्काल प्रेषित करें।

3– कुल अधिसूचित ग्रामों की संख्या

4– ड्रोन सर्वे किये गये ग्रामों की संख्या

5– कितने ग्रामों में प्रारुप–5 पर सूचना पूर्ण कर ली गयी है संख्या।

6– कितने ग्रामों में प्रारुप–5 पर डाटा इन्ट्री कर पोर्टल पर अपलोड किया गया है संख्या।

7– भारतीय सर्वेक्षण विभाग से कितने ग्रामों का मानचित्र–1 प्राप्त हो गया है, संख्या।

8– भारतीय सर्वेक्षण विभाग से मानचित्र–1 प्राप्त होने के उपरान्त सर्वे टीम द्वारा कितने ग्रामों में पड़ताल की गयी, पड़ताल कर प्रारुप–5 का सत्यापन किये गये ग्रामों की संख्या।

9– कितने ग्रामों में एस0ओ0पी0 के अनुसार प्रारुप–4 की सूचना पूर्ण कर ली गयी है, एवं भारतीय सर्वेक्षण विभाग, को प्रेषित कर दी गयी है की संख्या ।

10– कितने ग्रामों में एस0ओ0पी0 के अनुसार प्रारुप–6 (1) व 6 (2) की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है, ग्रामों की संख्या।

11– कितने ग्रामों में प्रारुप–6(1) व 6(2) को सम्मिलित कर एस0ओ0पी0 के अनुसार प्रारुप–7 बनाये गये है, की संख्या।

12– कितने ग्रामों में प्रारुप–4 की सूचना के अनुसार संशोधन करते हुये भारतीय सर्वेक्षण विभाग से मानचित्र–2 प्राप्त कर लिया गया है की संख्या।

13— कितने ग्रामों के प्रारुप–7 में प्रकाशन एवं आपत्तियों के लिये सहायक अभिलेख अधिकारी (उप जिलाधिकारी) को प्रेषित किये गये है, ग्रामों की संख्या।

14— कितने ग्रामों के मानचित्र–2 में प्रकाशन एवं आपत्तियों के लिये सहायक अभिलेख अधिकारी (उप जिलाधिकारी) को प्रेषित किये गये है संख्या।

15— सहायक अभिलेख अधिकारी (उप जिलाधिकारी) के स्तर पर कितने ग्रामों के प्रारुप–7 तथा मानचित्र–2 प्रकाशित किये गये है।

अतः अनुरोध है कि बिन्दु संख्या–01 एवं 02 की सूचना तत्काल परिषद को उपलब्ध करायें इसके अतिरिक्त उपर्युक्त विवरण प्रेषित करें एवं प्रगति राजस्व परिषद के पोर्टल पर स्वामित्व लिंक में एवं भारत सरकार के डैश बोर्ड जिसका लिंक http://svamitva.nic.in/svamitva/ है, पर प्रतिदिन अद्यावधिक करने का कष्ट करें।

भवदीया,

(मनीषा त्रिघाटिया)
आयुक्त एवं सचिव।

संख्या व दिनांक उक्त–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित.।

1— सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।

2— अपर मुख्य सचिव, राजस्व, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

3— समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।

4— प्रभारी अधिकारी, कम्प्यूटर, राजस्व परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।

29/7/2020

(भीष्म लाल वर्मा)
उप भूमि व्यवस्था आयुक्त,
कृते आयुक्त एवं सचिव।

## प्रपत्र संख्या–

(आबादी सर्वेक्षण की प्रगति आख्या परिषद के पोर्टल पर अपलोड कराने के सम्बन्ध में )

जनपद का नाम–

| कुल अधिसूचित ग्रामों की संख्या | ड्रोन सर्वे किये गये ग्रामों की संख्या | कितने ग्रामों में प्रारुप–5 पर सूचना पूर्ण कर ली गयी है, (संख्या) | कितने ग्रामों में प्रारुप–5 पर डाटा इन्ट्री कर पोर्टल पर अपलोड किया गया है, (संख्या) | भारतीय सर्वेक्षण विभाग से कितने ग्रामों का मानचित्र–1 प्राप्त कर लिया है, (संख्या) | भारतीय सर्वेक्षण विभाग से मानचित्र–1 प्राप्त होने के उपरान्त सर्वे टीम द्वारा कितने ग्रामों में पड़ताल की गयी, पड़ताल कर प्रारुप–5 का सत्यापन किया गया (संख्या) | कितने ग्रामों में एस0ओ0पी0 के अनुसार प्रारुप–4 की सूचना पूर्ण कर ली गयी है, एवं भारतीय सर्वेक्षण विभाग को प्रेषित की गयी है (ग्रामों की संख्या) | कितने ग्रामों में एस0ओ0पी0 के अनुसार प्रारुप–6 (1) व 6 (2) की सूचना पूर्ण कर ली गयी है, (ग्रामों की संख्या) | कितने ग्रामों में प्रारुप–6(1) व 6(2) को सम्मिलित कर एस0ओ0पी0 के अनुसार प्रारुप–7 बनाकर सूचना पूर्ण कर ली गयी है, (ग्रामों की संख्या) | कितने ग्रामों में प्रारुप–04 की सूचना अद्यावधिक कर मानचित्र–2 प्राप्त कर लिया गया है की (ग्रामों की संख्या) | कितने ग्रामों के प्रारुप–7 में प्रकाशन एवं आपत्तियों के लिये सहायक अभिलेख अधिकारी (उप जिलाधिकारी) को प्रेषित किये गये है, (ग्रामों की संख्या) | कितने ग्रामों के मानचित्र–2 में प्रकाशन एवं आपत्तियों के लिये सहायक अभिलेख अधिकारी (उप जिलाधिकारी) को प्रेषित किये गये है (ग्रामों की संख्या) | सहायक अभिलेख अधिकारी (उप जिलाधिकारी) के स्तर पर कितने ग्रामों के प्रारुप–7 तथा मानचित्र–2 प्रकाशित किये गये है की संख्या | अभ्यु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | |

(भीष्म लाल वर्मा)
उप भूमि व्यवस्था आयुक्त